## सार-समाचार

### जरूरतमंदों के लिए सारथी रथ रवाना

**जोधपुर,** (कास)। जोधपुर क्षेत्र में शीतलहर से बचाव के लिए जरूरतमंदों में भोजन एवं कम्बल वितरण एवं रैन बसेरा तक पहुंचाने के लिए सारथी रथ वाहन को किशोर न्याय समिति राजस्थान उच्च न्यायालय के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने की। राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के वरिष्ठ सलाहकार राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग ने गत 17 दिसंबर को बैठक में जिला प्रशासन को कई मुद्दों पर निर्देश दिए थे। उन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देश पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त निदेशक मनमीत कौर के प्रयासों से जोधपुर की विभिन्न संस्थाओं रॉबिनहुड आर्मी, समर्पण मारवाड़ सेवा संस्थान, गुरु कृपा मानसिक विमंदित गृह आंगनवा, महिला हाउसिंग ट्रस्ट, उड़ान संस्था, आयुधि केयर फाउंडेशन, हेल्पिंग पीपल ट्रस्ट, गुरुकृपा नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र, सिद्धार्थ बाल निकेतन समिति द्वारा भोजन पैकेट, कंबल, एवं छोटे बच्चों को चप्पलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजस्थान उच्च न्यायालय बाल सचिवालय से कृष्णा वैष्णव, जानकीदास, राम भरोसे सारण, सुशील चौधरी, सुशीला बोहरा, कपिल अरोड़ा, विजयलक्ष्मी अरोड़ा, अलका पुरोहित, गिरधारी सिंह राजपुरोहित, जयेंद्र सिंह, पूनम पोहानी, उषा सोनी, डा. इला शर्मा, सुमित बिस्सा, दीपशिखा नाथ, कृष्णपाल सिंह, यशमन शर्मा, ज्योत्सना, उत्कर्ष, अनिल मरवन, बबीता शर्मा, देव, प्रकाश कुमार, प्रकाश बिश्नोई, भरत उपस्थित थे।

### भामाशाह ने सहयोग राशि भेंट की

**जालोर,** (कासं)। जालोर के समाजसेवी व भामाशाह शिक्षक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने अपने पिता स्वर्गीय नारायण सिंह पुत्र रामसिंह की स्मृति माता मोहिनी देवी की प्रेरणा से आर्यवीर दल में वुशू खिलाड़ियों के समुचित प्रशिक्षण के लिए एक हॉल का निर्माण करने के लिए 5 तथा 51 हजार की राशि आर्य वीर दल के पदाधिकारी को भेंट की। इस अवसर पर दानवीर शिक्षक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने आर्यवीर दल राजस्थान के अधिष्ठाता विनोद आर्य, आर्य वीर दल राजस्थान के महामंत्री शिवदत्त आर्य, संरक्षक दलपत सिंह आर्य, जालोर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, संचालक प्रशांत सिंह को दान राशि भेंट करते हुए कहा कि पूर्व में आर्य वीर दल की हनुमान व्यायाम शाला में अपना प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। राजपुरोहित जोधपुर में 1983 से 1995 तक आर्य समाज स्मृति भवन जोधपुर की गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन नई दिल्ली में आर्य वीरों के साथ भाग लिय। उन्होंने कहा कि आर्य वीर दल जालोर में राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों के संचालन के तहत यज्ञ एवं प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता एवं बालकों में आत्मरक्षा, चरित्र एवं संस्कार निर्माण करने मे प्रयासरत है, जो मेरे लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर आर्य वीर दल के पदाधिकारीयों ने दानवीर शिक्षक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडीजी जी की प्रधानाचार्य अर्चना गहलोत का साफा दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस पर सुनील व्यास, निशा कुट्टी, महेंद्र बालोत उपस्थित थे।

### तत्व ज्ञान व तेरापंथ दर्शन परीक्षा हुई

**बालोतरा,** (निसं)। युग प्रधान आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री यशवंत कुमार, मुनि मोक्ष कुमार के सानिध्य में बालोतरा के न्यू तेरापंथ भवन में तथा शासनश्री साध्वीश्री सत्यप्रभाजी ठाणा- 4 एवं मेग प्रभा जी ठाणा-4 की प्रेरणा से अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत तत्वज्ञान एवं तेरापंथ दर्शन परीक्षा का आयोजन तेरापंथ महिला मंडल बालोतरा द्वारा किया गया। मंत्री रेखा बालड ने बताया कि सर्वप्रथम सभी परीक्षार्थियों को मुनि श्रीजी द्वारा मंगल पाठ सुनाया गया। सभा अध्यक्ष महेंद्र वेद मेहता, मंत्री प्रकाश वेद मेहता, महिला मंडल अध्यक्षा निर्मला देवी संकलेचा, मारवाड क्षेत्र प्रभारी मीना ओस्तवाल, और परीक्षा केंद्र व्यवस्थापिका गीता देवी छाजेड की उपस्थिति में पेपर खोले गए। 18 दिसंबर को प्रथम पेपर व आज 21 दिसंबर को दूसरा पेपर आयोजित किया गया। इस तत्व ज्ञान परीक्षा में उन्नीस परीक्षार्थियों ने और तेरापंथ दर्शन परीक्षा में एक परीक्षार्थी ने भाग लिया। तत्वज्ञान व तेरापंथ दर्शन में चारित्र आत्माएं साध्वीश्री यशस्वीप्रभा जी और साध्वीश्री पावन प्रभा जी ने भी परीक्षा दी सभी परीक्षार्थियों ने अच्छे से परीक्षा दी। इस अवसर पर विशेष सहयोग रहा पूर्व केंद्र व्यवस्थापिका विमला गोलेच्छा, उपाध्यक्ष चंद्रा बालड, चंचल भंडारी, सह मंत्री रेखा श्रीमाल, रेखा भंडारी, कोषाध्यक्ष पुष्पा सालेचा, प्रचार-प्रसार मंत्री समता भंसाली उपस्थित थे।

### परशुराम महादेव पैदल यात्रा 24 को

**जोधपुर,** (कास)। जोधाणा धर्मार्थ सेवा संस्थान की तरफ से हर साल शीत ऋतु में निकाली जाने वाली चार दिवसीय परशुराम महादेव पैदल यात्रा की व्यवस्था को लेकर आज आवश्यक बैठक आयोजित की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवक्ता जयसिंह कच्छावाहा ने बताया कि भगवान परशुराम महादेव यात्रा इस बार 24 दिसंबर को निकाली जाएगी। इस चार दिवसीय यात्रा की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। यात्रा को लेकर युवाओं में भारी उत्साह है। मेला संयोजक सुरेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि जोधाणा धर्मार्थ सेवा संस्थान के बैनर तले हर वर्ष दो बार भगवान परशुराम महादेव पैदल यात्रा निकाली जाती है। श्रावण मास में निकाली जाने वाली यात्रा में सभी उम्र के भक्त शामिल होते हैं जबकि शीत ऋतु में निकाली जाने वाली पैदल यात्रा में सिर्फ युवा शिरकत करते हैं। चौहान ने बताया कि 24 दिसंबर को दोपहर तीन बजे बनावतों का बेरा शिव मंदिर से पूजा अर्चना के बाद अध्यक्ष शंकरलाल कच्छावाहा, सचिव प्रमोद कुमार सांखला तथा मेला अधिकारी शिव सिंह कच्छवाहा हरी झंडी दिखाकर दिखाकर पद यात्रा को रवाना करेंगे। इसका पहला पड़ाव रोहिट, दूसरा गुंदोज, तीसरा रानी तथा चौथा व अंतिम पड़ाव परशुराम महादेव पर रहेगा। इसमें युवा ग्रुप सदस्य भाग लेंगे।

### 'स्वास्थ्य सूचकांक में पिछड़े तो कार्रवाई'

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतराा जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सभी ब्लॉक की रैंकिंग की जाएगी। इसके लिए नए सिरे से बैठक आयोजित कर कार्य किया जायेगा। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न योजनाओं एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आधार पर निर्धारित मानकों की सभी बीसीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारियों द्वारा पालना सुनिश्चित करनी होगी। प्रदर्शन औसत स्तर से नीचे होने पर संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। यह बात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने कही। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि सभी ब्लॉक स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी के स्तर को और बेहतर बनाएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रोहिताश ने एनसीडी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की और आगामी सप्ताह में कार्य सुधारने के निर्देश दिए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह ने एनसीडी रिपोर्ट व अन्य कार्यक्रम पर बिन्दु वार समीक्षा की उक्त बैठक में समस्त बीसीएमओ व एनसीडी समन्वयक घनश्याम जाटव उपस्थित रहे।

### वसुंधरा राजे आज आएंगी जोधपुर

**जोधपुर,** (कास)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे रविवार को सुबह जोधपुर आएंगी। राजे सुबह सवा आठ बजे नई दिल्ली से विमान द्वारा जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी। वे यहां से सडक़ मार्ग से बालोतरा के लिए रवाना होगी। सुबह साढ़े नौ बजे सडक़ मार्ग से बालोतरा के अराबा गांव पहुंचेगी। वहां प्रधान उम्मेदसिंह अराबा के निधन पर उनके निवास स्थान पर जाकर शोक सभा में भाग लेगी। यहां से वह पाली जिले के मुंडारा गांव पहुंचकर राज्य मंत्री ओटाराम देवासी की माताजी के निधन पर शोक जताकर शाम साढ़े चार बजे वापस जोधपुर औंगी।

### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सैनी का स्वागत

**जालोर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता पूर्व प्रदेश मंत्री पूर्व भाजयुमो प्रदेशध्यक्ष अशोक सैनी भादरा के बाडमेर से मुंडारा जाते समय जालोर आगमन पर भाजपा नगर मंडल जालोर की ओर से नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी व भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया के नेतृत्व में साफा माला दुपट्टा से स्वागत किया गया। सैनी ने सभी से संघटनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। साथ ही सभी का आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित, नगर महामंत्री दिनेश महावर, नगर संयोजक संजय बोराणा, नगर उपाध्यक्ष रवि सोलंकी, नगर मंत्री हीराराम देवासी, भंवर सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बी.एस.एफ. का आंतरिक व बाहरी सुरक्षा में अतुल्य योगदान : गर्ग

**जोधपुर,** (कास)। सीमा सुरक्षा बल सीमान्त मुख्यालय राजस्थान व सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के महानिरीक्षक एमएल गर्ग ने कहा कि बीएसएफ का बाहरी सीमा के साथ आंतरिक सुरक्षा में भी अतुल्य योगदान है। बल 59 वर्षों से भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में देश की सबसे चुनौती पूर्ण बांग्लादेश व पाकिस्तान के साथ लगती सीमाओं की सुरक्षा के साथ आन्तरिक सुरक्षा में भी अतुल्य योगदान दे रहा है। वे शनिवार को सुबह यहां सहायक प्रशिक्षण केन्द्र सीमा सुरक्षा बल में नव आरक्षकों के बैच संख्या 258, 259 व सीमान्त मुख्यालय के अंतर्गत पीटीएस तृतीय की दीक्षान्त परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समारोह में कुल 447 नव आरक्षकों ने भारतीय संविधान के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होकर देश की एकता एवं अखंडता को कायम रखने की शपथ ली व खुद को देश के लिए समर्पित किया।

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि महानिरीक्षक एमएल गर्ग ने परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भारत सरकार द्वारा बीएसएफ को अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा के अलावा समय-समय पर आन्तरिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेवारियां दी गई है जिसमें पंजाब से आतंकवाद को समाप्त करने, जम्मू कश्मीर एवं उत्तर पूर्वी राज्यों में विद्रोह को काबू करने में बीएसएफ ने अहम भूमिका निभाई। वर्तमान में भी बीएसएफ छत्तीसगढ़ और उड़ीसा में नक्सलवाद को नियंत्रण करने में अहम भूमिका निभा रहा है। राष्ट्र को इस बल पर इतना विश्वास और भरोसा है कि जब कभी भी देश की अखंडता और सुरक्षा का प्रश्न खड़ा हुआ सीमा सुरक्षा बल को तैनात किया गया और इस बल ने अपने ध्येय वाक्य जीवन पर्यन्त कर्तव्य को सदैव साकार किया है।

#### 44 सप्ताह का दिया कठिन प्रशिक्षण

सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के कमांडेंट (मुख्य प्रशिक्षक) देवेन्द्र सिंह ने बताया कि इन नव-आरक्षकों को 44 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण के दौरान, शारीरिक प्रशिक्षण ड्रिल, शस्त्र संचालन, युद्ध कौशल, सीमा सुरक्षा एवं निगरानी, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, विधि, योग, मानव व्यवहार वय मानवाधिकार इत्यादि विषयों में प्रशिक्षित किया गया है।

#### बेस्ट नवारक्षक व वीरांगना सम्मानित

मुख्य अतिथि ने समारोह में सीमा सुरक्षा बल के शहीद जवानों की वीरांगनाओ को सम्मानित भी किया। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रर्दशन के लिए नव आरक्षक पंकज कुमार, नव आरक्षक गौरव जोशी, नव-आरक्षक शिवम राज को अपने-अपने बैच में ओवर ऑल प्रथम स्थान हासिल करने के लिए स्वर्ण पदक से अलंकृत किया गया। नव आरक्षक शुभम कुमार ने परेड का नेतृत्व किया व बेस्ट इन ड्रिल का रजत पदक प्राप्त किया। समारोह के उपरांत सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के ब्रास बैंड द्वारा बैंड प्रदर्शन, उष्ट्र प्रदर्शन व माणिक लव स्कूल जोधपुर के विद्यार्थियों ने मलखंब कला का प्रदर्शन किया। सहायक प्रशिक्षण केन्द्र सीमा सुरक्षा बल के पीटी अनुदेशकों द्वारा शारीरिक कला का प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें हथियार फोटो गैलरी व प्रशिक्षुयों द्वारा तैयार किए गए मॉडल भी प्रदर्शित किए गए।

# लोगों ने सामूहिक ध्यान अभ्यास किया

**जोधपुर,** (कास)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर में शनिवार को प्रथम विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर संविधान पार्क में सामूहिक ध्यान से एक ऐतिहासिक विश्व कीर्तिमान का सफल दावा प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हजारों प्रतिभागियों ने अर्धपद्मासन में ध्यान का अभ्यास कर इस उपलब्धि को साकार किया। तीस मिनट तक लगातार ध्यान का अभ्यास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि योगपीठ के पूज्य स्वामी (डॉ.) परमार्थ देव उपस्थित रहे।

उन्होंने उपस्थित जनसमूह को ध्यान का अभ्यास करवाते हुए इसके मनोदैहिक लाभों पर प्रकाश डाला। अपने प्रेरणादायक संबोधन में स्वामीजी ने कहा कि ध्यान न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि यह तनाव, अनिद्रा और मानसिक असंतुलन जैसी बीमारियों से भी बचाव करता है। नियमित ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति अपनी आंतरिक शक्ति को पहचान सकता है और जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि ध्यान भारतीय संस्कृति और योग परंपरा का अभिन्न अंग है। आज का यह विश्व कीर्तिमान हमें ध्यान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है। इस ऐतिहासिक आयोजन में कई विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही।

इनमें लक्ष्य पर्यावरण एवं जन कल्याण संस्थान जोधपुर के सचिव राकेश निहाल, आर्मी कोणार्क से सूबेदार गजानंद, पतंजलि किसान सेवा समिति के राज्य प्रभारी करणाराम चौधरी, सोशल मीडिया राज्य प्रभारी दिलीप कुमार तिवारी, योगा बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सीईओ राकेश भारद्वाज, विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव एवं प्राचार्य प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल, प्राचार्य पीजीआई प्रो. महेंद्र शर्मा, और अन्य लोगों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति थे।

इस सामूहिक ध्यान कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के आंगिक महाविद्यालयों के अलावा आईआईटी जोधपुर, आर्मी कोणार्क, एसएलबीएस महाविद्यालय, आयुर्वेद नर्सिंग मंगला पूंजला और विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया।

मंच संचालन क्रिया शारीर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में योग नेचुरोपैथी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चंद्रभान शर्मा नेप्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए ध्यान को नियमित जीवनशैली में अपनाने का संदेश दिया।

# झारखंड के मजदूर की हत्या, आरोपी फरार

**जोधपुर,** (कास)। शहर के मथुरादास माथुर अस्पताल में इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है। यहां पर झारखंड सहित अन्य प्रदेश के मजदूर काम कर रहे है। 15 दिसम्बर की रात में झारखंड के एक मजदूर ने कमरें सो रहे अन्य मजदूर के सिर पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उसे अस्पताल में ही भर्ती करवाया गया, मगर उसकी आज सुबह मौत हो गई। हमलावर मजदूर घटना के बाद ही फरार हो गया। जिसकी अब पुलिस तलाश कर रही है। इधर आज उसकी मौत की खबर पर पुलिस ने मौका स्थल का निरीक्षण किए जाने के साथ कमरें को सील कर दिया। शव को पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। आरोपी की पहचान की गई है।

शास्त्रीनगर पुलिस के अनुसार मथुरादास माथुर अस्पताल में इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है। अस्थाई रूप से कुछ मजदूर यहां पर लोहे के टीनशेड बनाकर रह रहे है।

दुमका झारखंड के विजय शंकरराम पुत्र सुरेशराम यादव आदि भी यहां पर कार्य करने के साथ रहते है। 15 दिसम्बर की रात को उसके साथी मजदूर नरेश जोकि अपने कमरें में सो रहा था। तब उसी दिन पांच छह अन्य झारखंड से लोग आए थे। जिसमें एक हीरालाल देहरी भी था। उसने नरेश के कमरें में प्रवेश कर ईंट पत्थर से हमला कर सिर पर वार किया। जिससे उसका चेहरा बिगडऩे के साथ वह बुरी तरह घायल हो गया। इस पर उसे अन्य मजूदरों की मदद से एमडीएम अस्पताल में ही भर्ती करवाया गया। मगर नरेश की आज मौत हो गई। उसकी मौत की खबर पर शास्त्रीनगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचने के साथ निरीक्षण किया और उस पर लॉक लगा दिया।

बताया गया कि आरोपी हीरालाल देहरी उसी दिन वहां आया था। मगर हत्या की वजह क्या रही इसका प्राथमिक तौर पर पता नहीं चला है। झारखड़ के कुछ मजदूर उसे विक्षिप्त बता रहे है।

फिलहाल उसके पकड़े जाने पर ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। विजय शंकरलाल की तरफ से पहले हत्या प्रयास में के स दर्ज कराया गया था। जांच शास्त्रीनगर थाने के एसआई ओमसिंह की तरफ से की जा रही है।

### शिविर लगेंगे

**बालोतरा,** (निसं)। जिले में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांवों की ओर अभियान के तहत रविवार को शिविरों का आयोजन किया होगा।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने बताया कि रविवार, 22 दिसंबर को बायतु पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नरसाली नाडी, कोलू, पनावडा, अकदडा, खोथों की ढाणी, गिडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मानपुरा खारडा, दानपुरा, सोहडा, निम्बा की ढाणी, कानोड, मेघवालों की बस्ती, कल्याणपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नेवरी, थोब, छाछरलाई कलां, तिरसिंगडी सोढा, समदडी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लालाना, मजल, फुलन, राखी सिवाना की ग्राम पंचायत ईटवाया, पंड, धारणा, मिठौडा, मोकलसर, मोतीसरा, मवडी, बालोतरा में ग्राम पंचायत पारलू, सराणा, रामसीन, नेवाई और जानीयाना में प्रशासन गांवों की ओर अभियान के शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

# दो दिवसीय रणकपुर-जवाई बांध महोत्सव का आग़ाज़

**पाली,** (नि.सं.))। जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय रणकपुर जवाई बांध महोत्सव का आगाज शनिवार को हुआ। शनिवार को जीप सफारी, वन क्षेत्र रणकपुर में, पतंग उडाना और डीआईसी द्वारा हस्तशिल्प प्रदर्शनी आयोजित की गई। साथ ही हॉट एयर बैलूनिंग का आयोजन नगरपालिका सादड़ी द्वारा होटल माना के निकट हैलीपैड़ ग्राउंड पर किया गया। शनिवार को पूरे दिन पर्यटकों ने हैलीपेड ग्राउंड पर हॉट एयर बैलून एवं पतंगबाजी का लुफ्त उठाया। साथ ही फ़ूड स्टॉल्स पर पारंपरिक व्यंजनों के चटखारे भी लिए।

शाम को रणकपुर मंदिर परिसर में दीपदान के साथ ही पूरा मंदिर परिसर रोशनी से जगमग हो उठा। इस अवसर पर चूरू, नागौर, बाड़मेर सहित अन्य जिलों के कलाकारों द्वारा नृत्य भी प्रस्तुत किया गया तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी। इस कार्यक्रम में बाड़मेर से आए 76 वर्षीय बुजुर्ग मूलाराम ने अपने नृत्य की प्रस्तुति से अतिथियों को मंत्र मुक्त कर दिया।

तत्पश्चात सूर्यमन्दिर परिसर में मुक्ताकाशी रंगमंच पर सुप्रसिद्ध लोक कलाकार कासम खान द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरी। लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक संध्या में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को सर्द रात में बांधे रखा। कार्यक्रम में राजस्थान के अलावा गुजराती गरबा नृत्य, तेरहताली नृत्य, हरियाणा के जिंदल नृत्य, उत्तराखंड सहित विभिन्न प्रांतो से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इन सभी प्रस्तुतियों का दर्शकों ने भरपूर लुफ्त उठाया।

इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक पीएम शर्मा, जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ बजरंग सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग भवानी सिंह पंवार, बाली अतिरिक्त जिला कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी बतौर अतिथि उपस्थित रहे।जिन्होंने इस अवसर पर दीपदान भी किया। इस मौके पर देसूरी उपखंड अधिकारी विवेक व्यास, पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक भानु प्रताप, सहायक निदेशक सरिता फिड़ौदा, सुजीत जोशी आदि उपस्थित रहे।

महोत्सव को देखते हुए प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों पर विशेष लाइटिंग एवं साज-सज्जा भी की गई है। आयोजन के दौरान देसी-विदेशी पर्यटक आयोजन का लुफ्त उठाते नजर आए। आयोजन के तहत रविवार 22 दिसम्बर को भी पतंगबाजी, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, हॉट एयर बैलूरिंग सवेरे 10 से सांय 4 बजे तक एवं विभिन्न मनोरंजन प्रतियोगिताएं जैसे पग़ड़ी बांधना, रस्साकशी, गोडवाड़ श्री, मिस गोडवाड, मूंछ, चम्मच-नींबू दौड़ और मटका दौड़ आदि का आयोजन होटल माना के पास हैलीपैड मैदान में सुबह 11 से दोपहर एक बजे आयोजित होगा। इसी प्रकार हॉर्स इंडिया द्वारा हनुमान मंदिर के पास रणकपुर रोड़ सादड़ी में दोपहर 2 से सायं 4 बजे घोड़ा व ऊट शो का आयोजन होगा। इसके पश्चात रात्रि में सूर्य मंदिर रणकपुर में सायं 7 से रात्रि 9 बजे तक स्वराज बैंड द्वारा स्टार नाइड कार्यक्रम आयोजित होगा।

# सुंईया मेले की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

**बाड़मेर,** (नि.सं.)। चौहटन में 29 दिसंबर से आयोजित होने वाले दो दिवसीय सुंईया पोषण मेले को लेकर जिला कलक्टर टीना डाबी एवं पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीना ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों के दौरान समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर टीना डाबी एवं पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीना ने सूंईंया पोषण मेले की अब तक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मेले के दौरान यातायात व्यवस्था, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के ठहराव एवं दर्शन, स्नान समेत अन्य व्यवस्थाओं के बारे में प्रस्तावित कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला प्रारंभ होने से पूर्व समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो। इस दौरान उन्होंने डूंगरपुरी मठ में महंत जगदीशपुरी से मेले की तैयारी तथा व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सूंईंया, कपालेश्वर महादेव मंदिर तथा डूंगरपुरी मठ सहित समूचे मेला परिसर का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाओं के बारे में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान के लिए बने स्नानागार, पहाड़ी पर स्थित अलग-अलग मंदिरों तक आने जाने के रास्तों का अवलोकन करते हुए कुछ स्थानों पर रैलिंग लगाकर सुरक्षा व्यवस्था व्यवस्थित करने निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अर्द्ध कुंभ सूंईंया पोषण मेले को शांति पूर्ण एवं सुव्यस्थित संपन्न करवाने के लिए अधिकारियों के साथ बिंदुवार अंतिम रूप से समीक्षा की। ज़िला कलक्टर डाबी ने विभागीय अधिकारियों को पूर्ण जिम्मेदारी एवं कर्तव्य के साथ व्यवस्थाओं को अंजाम देने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मेला आयोजन कमेटी सदस्यों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का अनुरोध किया। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीणा ने बताया कि अर्द्ध कुंभ सूंईंया पोषण मेले में बेहतरीन सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए करीब 2900 पुलिस के जवान तैनात किए जा रहे हैं। इसके अलावा अलग-अलग स्थानों पर वृताधिकारी स्तर के अधिकारी नियुक्त किए जा रहे हैं। मेले के दौरान सुरक्षा दस्ते बनाकर व्यवस्थाओं को अंजाम दिया जाएगा। उपखंड अधिकारी कुसुमलता चौहान ने मेले के दौरान व्यवस्थाओं की प्रस्तावित कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीणा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी, महंत जगदीशपुरी, जिला परिषद सदस्य रूपसिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी कुसुमलता चौहान, वीरमाराम, बद्रीनारायण विश्नोई, तहसीलदार रमेश कुमार, वृताधिकारी जीवनलाल खत्री, थानाधिकारी सोमकरण समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी कुसुमलता चौहान ने बताया कि 29 दिसंबर को दोपहर तीन बजे तक यात्रियों को चौहटन कस्बे के अंदर छोड़ने के लिए वाहनों को अंदर प्रवेश दिया जाएगा। उसके बाद श्रद्धालुओं को पार्किंग स्थलों से पैदल चलकर आना होगा। उन्होंने बताया कि इस बार मंदिरों तक पहुंचने के लिए अलग अलग चौड़े रास्ते बनाए गए हैं। ताकि किसी एक स्थल पर अधिक भीड़ नहीं हो। इसके अलावा यात्रियों से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं प्रशासनिक सहयोग और शिकायत के लिए कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट एवं कलक्टर टीना डाबी ने सुंईया मेले के लिए चौहटन उपखंड अधिकारी कुसुमलता चौहान को मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

# गृहमंत्री के बयान का विरोध

**बाप,** (निसं)। गृहमंत्री अमित शाह के डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बारे में दिये बयान को लेकर दलित संगठन ने गहरा रोष जताया है। दलित अधिकार अभियान राजस्थान उपशाखा बाप द्वारा शुक्रवार को बाप में राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन दिया गया।

# जिंगल मिंगल कार्निवाल का उत्साह

**जोधपुर,** (नि.सं.)। राजमाता कृष्ण को मेरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल में शनिवार को जिंगल मिंगल कार्निवल बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

प्राचार्य श्रीमती नीरा सिंह ने बताया कि यह कार्निवाल कक्षा नर्सरी से पांचवी तक की कक्षाओं के लिए आयोजित किया गया।इसका आयोजन प्राईमरी एकेडमिक डीन श्रीमती नीता जौहरी की देख रेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने कठपुतली का नाच, जादूगर की जादूगरी तथा पॉटरी बनते देखने का अवसर प्राप्त किया। इसके बाद बच्चों ने खाने - पीने का भी मजा लिया।बच्चों ने कक्षावार अपनी - अपनी अनोखी प्रस्तुतियाँ भी दीं। जिसमें ईश्वर के जन्मदिन व उनकी पवित्रता को नृत्य-संगीत व गानों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्राचार्या ने बताया कि विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधि होना अति आवश्यक है।

# रामसर व आडेल में विशेष शिविर आयोजित

**बाड़मेर,** (नि.सं.)। सुशासन सप्ताह के तहत शनिवार को बाड़मेर जिले की रामसर एवं आडेल पंचायत समिति मुख्यालय पर विशेष शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान आमजन की विभिन्न समस्याओं का मौके पर समाधान करने के साथ पात्र व्यक्तियों को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया गया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह प्रशासन गांवों की ओर अभियान के तहत रामसर एवं आडेल में विशेष शिविर के दौरान समस्त विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करते हुए उनको राहत प्रदान की गई। आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए ब्लाक स्तरीय विभागीय अधिकारी शिविर में उपस्थित रहे। लंबित परिवादों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्दी निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। विशेष शिविर में ग्रामीणों को पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक सुरक्षा और अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं की सेवाएं उपलब्ध कराई गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि सुशासन सप्ताह के दौरान अधिकाधिक तादाद में जन-शिकायतों एवं सेवा प्रदाय आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए, ताकि योजनाओं से अधिकाधिक लोगों को लाभांवित किया जा सके। विशेष शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उनको अब अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सभी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से उनका समय और पैसा दोनों बचा है। शिविरों को लेकर आमजन में खासा उत्साह देखा गया। रामसर पंचायत समिति मुख्यालय पर उपखंड अधिकारी अनिल कुमार जैन, विकास अधिकारी विक्रम जांगिड़ एवं आडेल पंचायत समिति मुख्यालय पर विकास अधिकारी मनमोहन मीणा समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सुशासन सप्ताह के तहत बाड़मेर जिले में 23 दिसंबर को फागलिया, बाड़मेर, चौहटन एवं 24 दिसंबर को सेड़वा, बाड़मेर ग्रामीण एवं धोरीमन्ना पंचायत समिति परिसर में विशेष शिविरों का आयोजन होगा। इन शिविरों के प्रभारी अधिकारी संबंधित उपखंड अधिकारी एवं सहायक शिविर प्रभारी संबंधित विकास अधिकारी को बनाया गया है।

## कार्यालय श्री महाराजा उम्मेदसिंह कृषि उपज मण्डी समिति सुमेरपुर जिला पाली राज.

क्रमांक : आवंटन /2024-25 /1400 दिनांक : 20/12/2024

### आवंटन विज्ञप्ति

इस मंडी समिति के गौण मण्डी प्रागंण फल सब्जी सिरोही, मे अधिसूचित कृषि जिंसो के थोक व्यवसाय, भण्डारण, फुटकर व्यवसाय के इच्छूक समस्त व्यक्तियों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न विवरणानुसार दुकानों हेतु भूखण्डों का आंवटन अचल सम्पति आंवटन नीति 2005 के प्रावधानो के अन्तर्गत प्रथम चरण नियमानुसार निर्धारित शर्तो पर 99 वर्षीय लीज पद्धति पर किया जाना है। उक्त आंवटन प्रथम चरण की निर्धारित आरक्षित दर पर राशि जमा करवाने पर, निर्धारित प्रकिया अनुसार आवंटन किया जावेगा। गौण मण्डी प्रागंण फल सब्जी सिरोही प्रथम चरण के आवंटन मे केवल व्यवसायरत क वर्ग दलाल, संयुक्त व्यापारी व व्यापारी वर्ग के अनुज्ञापत्रधारी ही आवंटन के पात्र होगे जो कि अघोषित किये जाने वाले मण्डी प्रागंण मे अवस्थित हो एवं व्यवसाय कर रहे हों, निर्धारित प्रक्रिया के तहत आंवटन होगे। ऐसे अनुज्ञापत्रधारी जिन्होने आवंटन के लिये प्रार्थना पत्र प्राप्त करने की सूचना जारी होने वाले वर्ष से ठीक पूर्व के 3 वित्तीय वर्षो मे अधिसूचित कृषि जिन्सों का टर्न ऑवर नही कया हो, आवंटन हेतु अपात्र होगें। इसी क्रम में इस आवंटन विज्ञप्ति से गत तीन वर्षो मे निरन्तर व्यवसायरत न होने के कारण अपात्र कर दिये जाते है तो उन्हे द्वितीय चरण की भांति एवं दर पर आवंटन किया जावेगा। कृषक वर्ग, मे ऐसा कृषक जो राजस्व अभिलेख मे आंवटन विज्ञप्ति जारी होने से कम से कम दो वित्तीय वर्ष से स्वय के नाम से न्यूनतम एक बीघा भूमि धारण करता हों अथवा जिनकी राजस्व रिकॉर्ड संयकुत खातेदारी (पूरुष/महिला) की भूमि हो तथा वह वास्तविक रुप से उक्त भूमि पर ततसमय कृर्षि कार्य करता हो, तथा कृषक की भूमि सम्बन्धित मण्डी क्षैत्र मे अवस्थित हों एवं कृषक सम्बन्धित मण्डी क्षैत्र मे स्थायी रुप से निवास करता हों वे मण्डी प्रांगण मे भूखण्ड आवंटन हेतु पात्र होगे। नि:शक्तजन वर्ग मे नि:शक्तजन जो राज्य सरकार द्वारा सम्बन्धित वर्ग हेतु निर्धारित पात्रता पूर्ण रखता हों, को निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्धारित आरक्षित दर पर भूखण्ड आवंटन किये जावेगे।

| क्र. स. | गौण मण्डी फल सब्ज मण्डी प्रागंण सिरोही मे आवंटन योग्य दुकान हेतु भूखण्ड का विवरण | साईज (फुट मे) | दुकानो हेतु भूखण्डों की कुल संख्या | आरक्षण: सामान्य कृषक | अनुजाति, जनजाति कृषक | विधवा महिला कृषक | मण्डी अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी नि:शक्तजन | मण्डी अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड दुकान मय गोदाम हेतु ब्लॉक ए 1से 15 | 16x30+10 | 15 | 2 | 1 SC | 0 | 0 | 12 |
| 1 | भूखण्ड दुकान मय गोदाम हेतु ब्लॉक बी 1से 15 | 16x30+10 | 15 | 2 | 1 SC | 0 | 1 | 11 |

रिक्त फुटकर दुकानो हेतु भूखंडो का खाद, बीज, बारदान, पशु आदि सेंवाओ के व्यवसाय हेतु इच्छूक समस्त व्यक्तियो को आवंटन निर्धारित प्रक्रियानुसार किया जाना है। आवेदको की संख्या से अधिक होने पर आवंटन लॉटरी द्वारा किया जाना है। विवरण निम्न है -

| क्र. स. | स्थान | भूखण्ड फुटकर दूकान हेतु | फुटकर दुकानों की साईज (फुट मे) | संख्या | अनुसूचित जाति/ जनजाति | निशक्त जन | कृषि स्नातक हेतु | जैविक उत्पाद व्यापारी | सामान्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिरोही फल सब्जी ब्लॉक आर. | 1 से 15 | 10X15 | 15 | 05 ( SC3,ST-2) | 01 | 02 | 01 | 06 |

अत: मंडी प्रांगण में उपरोक्त विवरणानुसार सम्बन्धित वर्गो में व्यवसाय के इच्छूक सभी आवेदक द्वारा आवेदन पत्र एवं शर्ते 200/- रु नकद/ चैक / बैक डी.डी. द्वारा जमा करवाकर कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति सुमेरपुर से दिनांक 07.01.2025 से दिनांक 07.02.2025 तक सांय 6:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। उक्त आंवटन हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र अन्तिम दिनांक 10.02.2025 को सांय 6:00 बजे तक मुख्य मण्डी सुमेरपुर कार्यालय मे 10,000/- रु दस हजार रु धरोहर राशि के साथ जमा करवायें जा सकते है। धरोहर राशि का चैक / डिमाण्ड ड्राफट (सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, सुमेरपुर के नाम देय हो ) द्वारा ही स्वीकार्य होगी। नकद राशि स्वीकार्य नही होगी। उक्त दुकानो / भूखण्डों के आवंटन से सम्बन्धित अन्य जानकारी मण्डी समिति कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में उपस्थित होकर देखी एवं प्राप्त की जा सकती है। आवंटन हेतु उपलब्ध दुकानों / भूखण्डों की संख्या में कमी / वृद्धि एवं अन्य संशोधन किया जा सकता है।

( कालुराम कुम्हार RAS )
प्रशासक

( डॉ. पूरणसिंह जैतावत )
सचिव

# अलविदा तनाव व आध्यात्मिक सशक्तिकरण पर कार्यक्रम हुआ



जालोर के सीनियर सिटीजन पार्क में अलविदा तनाव आध्यात्मिक सशक्तिकरण पर कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। रोटरी क्लब जालोर, सीनियर सिटीजन फोरम एवं ब्रह्माकुमारीज, जालोर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ध्यान दिवस पर अलविदा तनाव आध्यात्मिक सशक्तिकरण की ओर से स्वच्छ स्वस्थ समाज की पुर्नस्थापना कार्यक्रम सीनियर सिटीजन पार्क हाल शिवाजी नगर जालोर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वरिष्ठ वक्ता इंटरनेशनल मोटिवेशन ब्रह्माकुमार पियूष भाई ने अलविदा तनाव विषय के अंतर्गत बताया कि आज के जीवन की भागदौड में मनुष्य मोह माया में इतना अधिक तनावग्रस्त हो गया है।

अंशाति का वातावरण पुरे विश्व भर में फैल गया है और आज के समाज में फैली बुराईयों एवं समस्याओं से जुडे विषयों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान में तनाव रहित होने के लिए मनुष्यों को अजातशत्रु बनना होगा। साथ ही संपूर्ण विश्व को विश्वामित्र के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने प्रात:कालीन नित्य ? शान्ति के योगासन, ध्यान को अपनाने की अपील की ।

ब्रह्माकुमारीज राजयोग केन्द्र जालोर की रंजु दीदी ने कार्यक्रम में बताया कि अपने मन को एकाग्रचित कर शांतिपूर्ण समाधान पर जोर देकर भारत देश को फिर से विश्व गुरू बनाना होगा, तभी पूरे विश्व में शांतिपूर्ण वातावरण बनेगा। इस अवसर पर रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 3055 प्रांत के जनरल सेकेट्ररी कानाराम परमार ने अपने उदबोधन बताया कि रोटरी इंटरनेशन में लोग तनाव को दूर रखने एवं सम्पूर्ण मानव-जाति के सेवाभाव करने के लिए जुडते हैं। कार्यक्रम के समापन पर रोटरी क्लब जालोर के अध्यक्ष संजय सुंदेशा ने नई दिल्ली से आये इंटरनेशनल मोटिवेशन वक्ता राजयोगी ब्रह्माकुमार पियूष भाई का और ब्रह्माकुमारीज राजयोग केन्द्र जालोर से रंजु दीदी एवं उनके साथ आये अतिथिगणों का सादर अभिनंदन और धन्यवाद अर्पित किया।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब की पूर्व अध्यक्ष सपना बजाज, विनीता ओझा, सचिव सी ए जिशान अली,शीला चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी ,सिनियर सिटीजन फोरम के अध्यक्ष ऋषि कुमार, सचिव अंबालाल सुंदेशा, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र नाग, ललित दवे ,मूल राज भंडारी, कानाराम प्रजापत, पुखराज, सांवलचंद माली एवं अन्य वरिष्ठ नागरिक संस्थान के सदस्यगण उपस्थित रहे ।

## क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा 24 दिसम्बर राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष में इस वर्ष उपभोक्ता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें बाड़मेर जिले के मुख्यालय पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला रसद अधिकारी कंवराराम ने बताया कि शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय गांधी चौक में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय गांधी चौक के उप प्रधानाचार्य गीता गर्ग, अनिल रामावत, व्याख्याता, कार्यालय जिला रसद अधिकारी, बाड़मेर के प्रवर्तन निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी लक्ष्मी नारायण सोनी, कनिष्ठ सहायक जसवीर उपस्थित रहे तथा इनके समन्वय से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रवर्तन निरीक्षक अनिल कुमार एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी लक्ष्मी नारायण सोनी द्वारा उपभोक्ताओं के अधिकारों एवं दायित्वों से अवगत करवाया।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसम्बर के उपलक्ष में उपभोक्ताओं को जागृत करने हेतु एक प्रदर्शनी का आयोजन जिला सूचना केन्द्र, बाड़मेर में किया जावेगा। जिसमें उपभोक्ता से जुड़ें विभिन्न विभागों यथा बिजली, पानी, रोडवेज, परिवहन, बैंक, दूर संचार, चिकित्सा, उद्योग, रसद विभाग की ओर से अपने काऊन्टर स्थापित कर उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएगी।

# राजयोग केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस मनाया



जालोर में अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जालोर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस का शुभारम्भ हुआ।

न्यू दिल्ली से आये हुए अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर राजयोगी ब्रह्मा कुमार पीयूष भाई ने अपने उद्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस की सभी को बहुत-बहुत बधाई दी। ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की 140 देश में फैले हुए 6000 से भी ज्यादा शाखाओं पर अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस मनाया जा रहा है। वास्तविकता तो यह है कि ब्रह्माकुमारीज की जो सारी शिक्षा पद्धति है वह ध्यान पर ही आधारित है । हम सवेरे ब्रह्म मुहूर्त में उठते हैं और हम परमात्मा से ध्यान लगाते हैं । रात्रि को हमारी दिनचर्या मेडिटेशन के द्वारा ही समाप्त होती है, तो हमारा तो जीवन ही ध्यान में है, योग में है ? तो ध्यान में हम परमात्मा को सच्चे मन से याद करें परमात्मा से हमें शक्ति मिले जिनको गीता में कहा गया है कि जब हमारे कर्मो में ध्यान और योग का समावेश हो जाता है तो कर्मो में कुशलता आ जाती है । कर्मो में परफेक्शन आ जाती है, एक्यूरेसी आ जाती है । सभी से यही आग्रह करते हैं कि ध्यान को केवल एक दिन के लिए नहीं, लेकिन अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं । हमारा जीवन ध्यानमय हो यही जीवन जीने की कला है । इससे पूर्व ध्यान दिवस पर विशेष दीप प्रज्जवलन किया गया और कुमारी दृष्टि द्वारा नृत्य प्रस्तुति भी दी गई।

इस कार्यक्रम में सस्मिता बहन भद्रक उडीसा,नीता बहन सिवाना, पूजा बहन ,समदडी, रूबी बहन सिणधरी, जालोर के रिटायर्ड सीएमएचओ डॉ दलीचंद पूंसल, डॉ.संजय चौधरी, धर्मेंद्र भाई, महेंद्र भाई ,वर्धाराम ,धर्माराम चंद्राई,संस्करण भाई ललित भाई विकास भाई राजेश भाई गौतम कुमार भंवर लाल परिहार, मोहन भाई बिशनगढ, सुनीता बहन, आशा माता, रेखा माता, हरिया माता, किरण बहन, भावना माता, कुमारी युवीका, दृष्टि,निविका, पूजा साईति बेन लेटा सहित कई लोगों ने भाग लिया।

# जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर ने पटवा हवेली निहारी



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जैसलमेर में विश्व विख्यात पटवा हवेली देखी तथा गुजरात से आये हुए विद्यार्थियों के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, नि.सं.)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला जीएसटी मिटिंग में शामिल होने स्वर्णनगरी आये है। उमर अब्दुल्ला शनिवार सुबह विश्व विख्यात पटवा हवेली देखने पहुंचे।

उमर अब्दुल्ला पटवा हवेली के अग्रभाग में पीत पाषान पर ऊकेरी गई मोर, कबूतर,चिड़िया की महीन चित्रकारी को देख अभिभूत हुए। उन्होंने बताया की इतनी बहुतायत में पत्थर पर की गई करीगिरी मेंरे जीवन में मैंने पहली बार देखी है, इससे उत्कृष्ट शिल्पकला का प्रदर्शन होता है। हवेलियों की वास्तुकला की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मौका मिलेगा तो अवश्य एक बार जैसलमेर भ्रमण के लिए आएंगे।

उन्होंने पटवा हवेली भ्रमण के दौरान गुजरात से आये स्कूली छात्रों के साथ ग्रुप फोटो दिए। इस दौरान उन्होंने अशोककुमार खत्री से बड़ी आत्मीयता से बातचीत कर उज्जवल भविष्य की दुआएं दी। बाद में अब्दुल्ला जीएसटी मिटिंग में शामिल होने के लिए होटल मैरियट के लिए निकल गए।

## हादसों में तीन जनों की मौत

**जोधपुर**, (का.सं.)। कमिश्नरेट के अलग अलग थाना क्षेत्रों में हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने घटनाओं के संबंध में मर्ग दर्ज कर शव परिजन को सुपुर्द किए है।

मथानिया पुलिस ने बताया कि सिंधियों की ढाणी रामपुरा निवासी 29 साल का घासीराम पुत्र लूणाराम माली रामपुरा गांव में रेलवे लाइन का पार कर रहा था। तब वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

इस बारे में उसके भाई हुकमाराम ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसी तरह बाराकलां खेड़ापा निवासी 40 साल का बींजाराम पुत्र भंवराराम वाल्मिकी अपने बाइक लेकर नेतड़ा से निकल रहा था।

तब वह एक गाय से टकरा गया और घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, मगर उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर उसके भाई अर्जुनराम की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई।

इधर सूरसागर पुलिस ने बताया कि मूलत: महाराष्ट्र के नागपुर हाल रावटी सूरसागर में रह कर मजदूरी करने वाला 28 साल के शंकर उर्फ सोनू पुत्र गजानंद ने अपने कमरें फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके पिता गजानंद ने मर्ग में रिपोर्ट दी। आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया।

# 'न्यूरो साइंस एवं आयुर्वेद मिलकर शोध कार्य करेंगे'



आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति पी.के. प्रजापति से मिलकर न्यूरो सर्जन डॉ.नगेन्द्र शर्मा ने कई मुद्दों पर चर्चा की।

**जोधपुर**, (का.सं.)। आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति पी के प्रजापति से मिलकर न्यूरो सर्जन डॉ नगेन्द्र शर्मा ने कई मुद्दों पर चर्चा की।

साथ ही मनुष्य के मस्तिष्क में होने वाली वृद्धावस्था की बीमारियों पर न्यूरो साइंस और आयुर्वेद मिलकर इलाज की नवीन पद्धित पर शोध करने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। जिससे अल्जाइमर पार्किनसन्स और ब्रेन की वृद्धावस्था में होने वाली बीमारीयों के इलाज का हल निकाला जा सके, जो भविष्य में इन बीमारियों के इलाज में मिल का पत्थर साबित हो सकेगा।

इस विषय पर कुलपति पी के प्रजापति ने अपनी गहरी रुचि दिखाई। चर्चा के दौरान डॉ.. नगेन्द्र शर्मा की पुत्री अद्वैता भी साथ में थी।

## निरीक्षण किया

**जालोर**, (कासं)। स्थानीय वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालोर में दो दिवसीय राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नेक) का तीन सदस्यीय दल द्वारा निरीक्षण किया गया।

एनएएसी ग्रेडिंग के लिए महाविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय मूल्याकंन एवं प्रत्यायन परिषद् को आवेदन किया गया।

ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भिक जांच में पात्रता प्राप्त करने पर एनएएसी द्वारा अंतिम रूप से निरीक्षण कर ग्रेडिंग प्रदान करने के लिए तीन सदस्यीय दल को भेजा गया।

शुक्रवार को पहले दिन प्राचार्य अर्जुनसिंह उज्ज्वल ने नैक पीयर टीम के समक्ष महाविद्यालय के बारे में सम्पूर्ण गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। आईक्यूएसी समन्वयक रामेश्वर लाल नोगिया ने महाविद्यालय में आईक्यूएसी के माध्यम से संचालित गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की।


## मनरेगा योजना में रोजगार दिया

**बालोतरा**, (निसं)। पंचायत समिति बायतु की ग्राम पंचायत माडपुरा बरवाला में आयोजित प्रशासन गांवों की ओर अभियान के तहत गिरधारी राम के परिवार को मनरेगा योजना में रोजगार प्रदान कर लाभान्वित किया गया।

जिले की पंचायत समिति बायतु की ग्राम पंचायत माडपुरा बरवाला में राज्य सरकार द्वारा आयोजित सुशासन सप्ताह प्रशासन गांवों की ओर अभियान में गिरधारी राम पुत्र हनुमानराम निवासी राजस्व ग्राम गोदारों की ढाणी महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत जॉब कार्ड जारी कर रोजगार प्रदान किया गया।

शिविर में पंचायत समिति बायतु के सहायक विकास अधिकारी डूंगरचन्द दर्जी द्वारा शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को शिविर में होने वाले कार्यो से अवगत करवाते समय सभी को जानकारी दी गई। राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं में पात्रता रखता हो व उससे वंचित है, तो नियमानुसार उक्त परिवार की समस्या का समाधान किया जाना है। इस संबंध में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत वंचित परिवारों के जॉबकार्ड जारी करने की भी जानकारी दी गई। गिरधारी राम ने सभी कागजात पूर्ण कर नये जॉबकार्ड का आवेदन शिविर में दिया।

# मेघालय के छात्र-छात्राओं ने जैसलमेर भ्रमण किया



एंडरसन स्कूल मेघालय के छात्र-छात्रा जैसलमेर घूमने पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। स्वर्णनगरी में एंडरसन स्कूल मेघालय के छात्र छात्राओं ने भ्रमण किया।

छात्र छात्राओं के संग आये स्कूल अध्यापक ने बताया कि एंडरसन स्कूल मेघालय के पश्चिमी खासी हिल्स जिले में स्थित एक निजी, सहशिक्षा वाला डे-स्कूल है। तैंतीस साल पहले, परोपकारी स्वर्गीय जी.एच.एस.इमलीह ने अपनी पत्नी, स्वर्गीय केल्डोरिस सोखलेट के साथ मिलकर नोंगस्टोइन शहर और जिले के लिए एक शैक्षिणक संस्थान की कल्पना की थी, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच प्रदान कर रहा है और राज्य-आधारित, कुशल शिक्षकों के लिए रोजगार भी प्रदान कर रहा है । उनका दृढ विश्वास था कि छात्र अपने समुदाय को असंख्य तरीकों से आगे बढ़ाएंगे। छात्र छात्राओं ने सोनार दुर्ग,सम सैंड ड्यून्स, गड़ीसार सरोवर और सेठ गुमानमल बापना (पटवा )द्वारा बनवाई गई प्राचीन पटवा हवेली का भ्रमण किया। उन्हें गाइड द्वारा पटवा हवेली के इतिहास की जानकारी दी।

## रात्रि चौपाल लगी

**बाप**, (निसं)। कलैक्टर एचएल अटल ने बाप उपखंड के सांवरा गांव में गुरूवार को रात्रि चौपाल लगाते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर ग्रामीणों ने विद्युत बिल वितरण, विद्युत कनेक्शन, आधार कैम्प लगवाने, मुआवजा, पेंशन सत्यापन, पट्टे वितरण सहित समस्याएं कलेक्टर के समक्ष रखी। जिला कलेक्टर अटल ने प्रकरणों को ध्यान से सुनते हुए संबंधित अधिकारी से जवाब लिया।

# चौहटन जिला अस्पताल का निरीक्षण

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने शनिवार को चौहटन जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सा सेवाओं की जानकारी लेने के साथ प्रमुख चिकित्साधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

कलैक्टर टीना डाबी ने चौहटन जिला अस्पताल में विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करने के साथ उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले सुंईया मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जिला अस्पताल में समुचित चिकित्सकीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल में साफ सफाई, पर्ची काउंटर, हेल्प डेस्क काउंटर समेत अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डा.शंभूराम गढवीर को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित कराया जाए। उनको नि:शुल्क दवाइयों के साथ जांच की सुविधा मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उपखंड अधिकारी कुसुमलता चौहान समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्नेह मिलन व सेवानिवृत लेखाकर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित



राजस्थान एकाउंटेंट्स एसोसिएशन जिला शाखा जोधपुर का जिला सम्मेलन, स्नेह मिलन एवं सेवा निवृत लेखाकर्मियों का सम्मान समारोह हुआ।

**जोधपुर**, (नि.सं.)। राजस्थान एकाउंटेंट्स एसोसिएशन जिला शाखा जोधपुर का जिला सम्मेलन, स्नेह मिलन एवं सेवा निवृत लेखाकर्मियों का सम्मान समारोह आज निजी होटल में आयोजित किया गया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राजेंद्र गहलोत सांसद राज्य सभा ने कहा कि अधीनस्थ लेखा सेवा के कार्मिकों का राज्य सरकार के बेहतर वित्तीय प्रबंधन एवं महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू करने में अहम भूमिका हे।लेखाकर्मी जिस विभाग में पदस्थापित होता वहां वित्तीय अनियमिता एवं गबन पर अंकुश रहता हैं,उन्होंने कहा कि अधीनस्थ लेखा सेवा के कार्मिकों की समस्या एवं वेतन विसंगति की मांगे जायज एवं न्यायोचित हे । इससे पूर्व राजस्थान एकाउंटेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश चंद सेन ने लेखाकर्मियों की लंबित मांगों के संबंध में बताते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा वित विभाग के महत्वपूर्ण अधीनस्थ लेखा सेवा के कार्मिकों की वेतन विसंगति जो कि चौथे वेतन आयोग से चल रही है उसका समाधान आज दिनांक तक नहीं किया तथा सभी अन्य संवर्गों का कैडर रिव्यू कर पदोन्नति के अवसर बढ़ाए हैं लेकिन अधीनस्थ लेखा सेवा का कैडर रिव्यू नहीं किया तथा पदोन्नति के अवसर भी नहीं बढ़ाए हैं।

इस पर राजेंद्र गहलोत ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री एवं वित मंत्री से बात कर लेखाकर्मियों कि वाजिब मांगों का समाधान कराऊंगा।

कार्यक्रम में अतिरिक्त निदेशक पेंशन ओम प्रकाश सीरवी,निदेशक वित जे.डी.ए. दशरथ कुमार सोलंकी ,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केवल चंद गहलोत, नागौर जिला अध्यक्ष रिछपाल बाना ,फलोदी जिला अध्यक्ष राजीव सुथार, विजय टाक पूर्व जिला अध्यक्ष उगरा राम आंवला ने लेखाकर्मियों को संबोधित करते हुए संगठन में समर्पण एवं त्याग से कार्य करने का आहवान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए शहर विधायक अतुल भंसाली ने अधीनस्थ लेखा सेवा की मांगों को उचित बताते हुए राज्य सरकार के समक्ष पैरवी करने का आश्वासन दिया । संगठन में लंबे समय से कार्य करने एवं संगठन में उनके अद्वितीय योगदान के लिए बजरंग सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया तथा वर्ष 2019 के पश्चात सेवा निवृत लेखाकर्मियों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन इकबाल अली रंगरेज एवं बजरंग सिंह ने किया।

अंत में जिला महामंत्री मुकेश गांधी ने सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रामेश्वर पटेल,सोहन लाल पटेल, आशुतोष सारण , रतना राम, भंवर लाल गांधी, महावीर लोढ़ा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जिला अध्यक्ष की और धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# आदर्श विद्यालय संस्कार युक्त विद्यालय है : जोशी

**धोरीमन्ना**, (कासं)। स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर में शनिवार को अभिभावक सम्मेलन हुआ।

प्रधानाचार्य धर्मेंद्र ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । मुख्य मेहमानों का स्वागत प्रबंध समिति के अध्यक्ष साजनराम , बद्रीनारायण, सरपंच रामाराम डउकिया ने करवाया। मुख्य अतिथि पुखराज तापडयि भूमि दानदाता ने कहा की विद्या भारती विद्यालय से जुडे अधिक बच्चों को संस्कारवान शिक्षा के लिए प्रवेश दिलाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खेताराम जाखड पीईईओ भीमथल अभिभावक विद्यालय से जोडते हुए अपने बच्चों की निरंतर शिक्षा के प्रति सुदृढ रहकर देखभाल करें।

मुख्य वक्ता मोहनलाल जोशी ने विद्यालय में विद्या भारती के आधारभूत विषयों को वर्णित करते हुए करते हुए आदर्श विद्यालय प्राइवेट विद्यालय न होकर एक संस्कार युक्त विद्यालय है। अपने देश की संस्कृति निरंतर विलुप्त होती जा रही है। उनको बचाने के लिए सनातन भारतीय संस्कृति के अनुसार शिक्षा जगत को जोडना है। जिसमें योग शिक्षा नैतिक आध्यात्मिक शिक्षा संस्कृत शिक्षा संगीत शिक्षा का महत्व पूर्ण योगदान देना साथ में अंग्रेजी शिक्षा का भी महत्व देना न ना कि अंग्रेज बनना की बात बताई संपूर्ण भारत में 13000 विद्या भारती के विद्यालय हैं। अगर सभी विद्यालय विद्या भारती से हो जाएं तो भारत में वर्तमान समय में हो रही अशोभनिया , अपहरण, बलात्कार जैसी घटनाएं रोक सकती है। अपने परिवार में पुराना समय में अपने गांव के किसी भाई के साथ भी गांव की बहन जा सकती थी लेकिन वर्तमान समय में ऐसा नहीं हमें हमेशा हमारे बालक को एक संस्कारवान सुशिक्षित बालक बनाना है। इस अवसर पर मीडिया कर्मी डूंगर मालानी ने भी अपने बात रखी । अंत में सभी आगंतुक का अब हर भीखाराम मूढण व्यक्त किया।

इस दौरान पूनम चंद, ओम प्रकाश शर्मा, सोहनलाल दुर्गाराम महेशराम नारायणदास ,तेज सिंह चौहान, रुकमानाराम, हरिराम पप्पू राम , हरदान राम, हीराराम एवं अन्य लोग सज्जन उपस्थित रहे।

## प्रश्नोत्तरी हुई

**पाली**, (नि.सं.)। सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा कॉलेज रोड पाली ने 114 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्री बांगड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और बैंकिंग जागरूकता कार्यक्रम हुआ।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान रज़िया परवीन, द्वितीय स्थान प्रियांश ओझा, तृतीय स्थान प्राची शर्मा, तथा सांत्वना पुरस्कार मानसी जोशी ने प्राप्त किया । बैंक की ओर से विजेता रहे छात्र छात्राओ को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार प्रदान किया गया । प्रश्नोतरी प्रतियोगिता के सफल आयोजन में योगदान देने वाले विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षक गणों को भी बैंक द्वारा सम्मानित किया गया। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता से पूर्व सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, पाली शाखा प्रबंधक और सहायक प्रबंधक ने बैंक के जमा, ऋण, डिजिटल तथा सभी सरकारी बीमा, बचत और पेंशन उत्पादों उत्पादों की जानकारी दी गई।




376 क्वालिटी चेक पॉइंट्स | 3 FREE SERVICES 3 फ्री सर्विस और 1 साल तक की वारंटी* | वेरिफाइड कार हिस्ट्री*

अधिक जानने के लिए स्कैन करें

**पूछताछ के लिए कॉल करें** 1800 102 1800 | **या जाएँ यहाँ** www.marutisuzukitruevalue.com

*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। नि:शुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है।

**Jodhpur: Plot No. C 62, Marudhara Industrial Area, Basni 1st Phase Saraswati Nagar, Jodhpur,** Auric Motors Pvt. Ltd.: 7014799620, 6377715175 | **Opposite Saran Nagar Gate A, Banar Road, Jodhpur,** LMJ Services: 7230078225, 8094011141| **Basni: 32-A, Heavy Industrial Area, Near F.C.I. Godowns, Jodhpur,** Shri Krishna Auto Sales: 9821938669, 9829197669 | **Pali: Near Veer Prabhu Garden, Jodhpur Road, Pali,** LMJ Services: 7230026924.